प्रसार भारती
भारतीय प्रसारण निगम
आकाशवाणी केन्द्र शिमला
25.01.2025/प्रादेशिक समाचार/1100 बजे

पूर्ण राज्यत्व

हिमाचल प्रदेश आज अपना 55वां पूर्ण राज्यत्व दिवस हर्षोल्लास के साथ मना रहा है। 25 जनवरी 1971 को हिमाचल प्रदेश भारतीय गणराज्य का 18वां राज्य बना था। राज्य स्तरीय समारोह कांगड़ा ज़िले के बैजनाथ में आयोजित किया जा रहा है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ध्वजारोहण करेंगे और भव्य मार्च पास्ट की सलामी लेंगे। इस दौरान वे जनसभा को संबोधित करेंगे। बाद में मुख्यमंत्री बैजनाथ में 70 गकरोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण भी करेंगे।

इस बीच राष्ट्रपति निवास छराबड़ा में आज सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसमें आम लोग भी भाग ले सकते हैं।

..........................................................

मतदाता दिवस

प्रदेशभर में आज 15वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया जा रहा है। भारत में निर्वाचन आयोग के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में वर्ष 2011 से ही हर वर्ष 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया जाता है। इस अवसर पर राज्यस्तरीय समारोह शिमला के ऐतिहासिक गेयटी थियेटर में आयोजित होगा। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नंदिता गुप्ता ने बताया कि इस समारोह में राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल बतौर मुख्य अतिथि मौजूद रहेंगे। इस दौरान वे शिमला जिला के सर्वश्रेष्ठ निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को राज्य पुरस्कार और सर्वश्रेष्ठ बूथस्तर के अधिकारियों को जिला स्तरीय पुरस्कार प्रदान करेंगे।

..........................................................

मुख्य निर्वाचन आयुक्त

भारत के मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने कहा है कि राष्ट्रीय मतदाता दिवस न केवल निर्वाचन आयोग के गठन दिवस मनाने का उत्सव है, बल्कि लोकतंत्र की भावना को सम्मान देने का भी अवसर है। 15वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस की पूर्व संध्या पर कल नई दिल्ली में जारी संदेश में राजीव कुमार ने कहा कि इस वर्ष राष्ट्रीय मतदाता दिवस विशेष है क्योंकि निर्वाचन आयोग राष्ट्र की सेवा के 75 वर्ष पूरे कर रहा है।

..........................................................

राज्यपाल

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने प्रदेश में नशे के बढ़ते प्रचलन को लेकर चिंता जाहिर की है। शिमला में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि प्रदेश में नशे को खत्म करने के लिए लोगों में अब जागरूकता आ रही है और हिमाचल को नशामुक्त बनाने के लिए नशे के खिलाफ अभियान को तेज करने की जरूरत है।

……………………………………………………

संदेश

कल 76वां गणतंत्र दिवस है। इस अवसर पर राज्य स्तरीय समारोह शिमला के ऐतिहासिक रिज मैदान पर होगा, जहां राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे। मुख्यमंत्री सुखविन्दर सिंह सुक्खू भी समारोह में मौजूद रहेंगे। ज़िला स्तर पर होने वाले समारोहों में विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया और राज्य सरकार के मंत्री ध्वजारोहण करेंगे।

इस बीच गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर आज शाम 7 बजे राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू राष्ट्र को संबोधित करेंगी। राष्ट्रपति के संबोधन को देखते हुए आकाशवाणी शिमला से रोजाना शाम 7 बजकर 45 मिनट पर प्रसारित होने वाला प्रादेशिक समाचार बुलेटिन आज शाम 6 बजकर 45 मिनट पर प्रसारित होगा।

……………………………………………………

गणतंत्र अतिथि

नई दिल्ली के कर्तव्य पथ पर  कल 76वें गणतंत्र दिवस परेड को देखने के लिए करीब 10 हजार विशेष अतिथियों को आमंत्रित किया गया है। इनमें दुर्घटना, रोकथाम और आपदा सहायता, किसान उत्पादक संगठन–एफपीओ, पीएम किसान सम्मान निधि लाभार्थी, माई भारत स्वयंसेवक और अन्य शामिल हैं। प्रदेश के ऊना जिला के अंब उपमंडल के कुठियाड़ी गांव में दी कुठियाड़ी सहकारी कृषि सेवा समिति के सचिव महावीर शर्मा को केन्द्र सरकार ने गणतंत्र दिवस के समारोह में विशेष अतिथि आमंत्रित किया है।

……………………………………………………